भारतीय आयुर्वि
स्वास्थ्य अनुसंधान विभा
कल्याण

Indian Council
Department of Health Resear

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**विज्ञापन सं. आईसीएमआर/ई-174790/एएमआर/सीडी (III)** **दिनांक:27-06-2025**

परिषद मुख्यालय नीचे उल्लेखित अपनी अल्पकालिक परियोजनाओं के लिए पूर्णतः अस्थाई संविदा आधार पर निम्नलिखित गैर-संस्थागत पदों को भरने का प्रयोजन रखता है:

| क्र.सं. | विवरण | आवश्यकताएँ/जानकारी |
|---|---|---|
| 1. | परियोजनाओं का नाम | रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) समन्वय इकाई, परिषद मुख्यालय |
| 2. | पद का नाम | परामर्शक (प्रशासन) |
| 3. | रिक्तियों की संख्या | एक पद |
| 4. | अनिवार्य अर्हकताएं | सरकारी विभाग/पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में प्रशासन/वित्त एवं लेखा, लेखा परीक्षा, विधि में काम करने का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले पेशेवरों के पास प्रबंधन/कानून/लोक प्रशासन/वित्त एवं लेखा/सीए/आईसीडब्ल्यूएआई/वाणिज्य/अर्थशास्त्र आदि विषय में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। |
| 5. | वांछनीय | -अनुसंधान अनुदानों और व्यापक बहुउद्देश्यी परियोजनाओं के प्रशासनिक और वित्तीय घटकों के प्रबंधन का पिछला अनुभव<br>-अनुसंधान परियोजनाओं से संबंधित सभी प्रकार के पत्राचार और फाइल कार्य का प्रबंधन करना<br>–समय पर अनुदान राशि जारी करना और सुनिश्चित करना कि प्रश्नों का उत्तर समय पर दिए जानें आदि की निगरानी करना<br>-बैठकों का आयोजन और संबंधित पत्राचार एवं दस्तावेज़ीकरण करना<br>-वैज्ञानिक कर्मचारियों को समग्र प्रशासनिक एवं तार्किक सहायता प्रदान करना<br>-अच्छा पत्राचार और लेखन कौशल<br>-ई-ऑफिस सिस्टम, एमएस वर्ड, एक्सेल और पावर प्वाइंट में काम करने का पूर्व अनुभव और ज्ञान |
| 5. | आयु | अंतिम तारीख तक : 40 वर्ष |
| 6. | समेकित परिलब्धियां | समेकित वेतन 60,000/- रुपये प्रति माह |
| 7. | कार्यकाल | एक वर्ष |

योग्य उम्मीदवार दिनांक 12.07.2025 तक दिए गए मेल आईडी amr.icmrhqrs@gmail.com पर आवेदन पत्र और CV ऑनलाइन जमा करें। देरी से/विलंब से /अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण और पत्राचार किए बिना तुरंत रद्द कर दिए जाएगें। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय से पहले जमा कर दें।

सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी आईसीएमआर द्वारा सभी मूल दस्तावेजों के सत्यापन और योग्यता, आयु और अनुभव आदि के सभी मामलों में आवश्यक पात्रता मानदंडों की पूर्ति के अधीन होगी। **सफल उम्मीदवारों को परीक्षा/और साक्षात्कार के बारे में ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

**सामान्य नियम और शर्तेः-**

1. यह पद अस्थाई परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएगा।
2. उपरोक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अतः हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द की जा सकती है/संशोधित की जा सकती है।
3. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें परियोजना विशेष के लिए हैं तथा परियोजना की वित्तपोषण एजेंसी की मंजूरी के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती हैं।
4. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के अनुसार होगी।
5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अपना नवीनतम जाति वैधता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ओबीसी अभ्यर्थियों के पास नवीनतम वैध नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र होना चाहिए। दिव्यांग अभ्यर्थियों को सरकारी अस्पताल के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें 40% से कम विकलांगता न हो।
7. प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए। सफल उम्मीदवारों को परियोजना का आवंटन सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेक से निश्चित किया जाएगा।
8. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक अनुशासन/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
9. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
10. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
11. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
12. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
13. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
14. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों को समय की कमी के कारण पीएचडी के लिए पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जा सकती।
15. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को सामान्यतः अध्ययन स्थल पर ही नियुक्त किया जाएगा; हालांकि, शोध कार्य के हित में उन्हें किसी अन्य स्थल पर भी नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या आईसीएमआर में सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। परियोजना मानव संसाधन पदों के

लिए भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।

17. सफल उम्मीदवारों को आम तौर पर परियोजना मानव संसाधन पद पर शुरू में एक वर्ष या उससे कम अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा, जो परियोजना की अवधि और कार्यात्मक आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा। परियोजना मानव संसाधन पदों की नियुक्ति की निरंतरता / विस्तार प्रदर्शन के मूल्यांकन, परियोजना की अवधि, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा। किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद की अधिकतम अवधि, ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के केवल पांच वर्ष होगी। संबंधित परियोजना अन्वेषक, प्रभाग प्रमुख और मेजबान संस्थान के प्रमुख महानिदेशक, आईसीएमआर की पूर्व सहमति के बिना किसी भी परियोजना मानव संसाधन पद को किसी भी या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक के साथ या बिना ब्रेक के पांच साल से अधिक समय तक जारी रखने / विस्तार देने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह होंगे।
18. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए सहमत संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन पद को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
20. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन-पत्र भरकर, हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटों, विस्तृत बायो-डेटा/सी.वी. और **सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जो स्वयं द्वारा सत्यापित हों;** अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और मार्कशीट], कार्य अनुभव, आयु, जाति और **फोटो पहचान पत्र** [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर, जमा करना होगा; ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
21. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय इस प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
22. परिषद के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
23. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।
24. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से ICMR की वेबसाइट देखें।

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

पूर्णतः अस्थाई आधार पर परियोजना मानव संसाधन पद की नियुक्ति के लिए आवेदन

Application for engagement of Project Human Resource Position, purely on temporary basis

1. आवेदित परियोजना मानव संसाधन पद का नाम
Name of the Project Human Resource Position, applied for : ______________________
______________________

2. विज्ञापन सं.
Advertisement No. : ______________________

3. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)
Name in full (IN BLOCK LETTERS) : ______________________
[उपनाम] [नाम] [पिता/पति]
[SURNAME] [NAME] [FATHER/HUSBANI

4. माता का नाम/
Mother's Name : ______________________
पिता का नाम
/Father's Name ______________________
पति का नाम/
Husband's Name ______________________

5. पत्राचार के लिए पता
Address for Correspondence : ______________________
______________________
______________________
______________________

मो.नं Contact No.______________________

ई.मेल-आईडी Email id:
______________________

6. स्थाई पता
Permanent Address : ______________________
______________________
______________________
______________________

7. जन्म तिथि [dd/mm/yyyy] (साक्ष्य रूप में प्रमाण पत्र समर्थित होना चाहिए)
Date of Birth [dd/mm/yyyy] (Certificate must be supported) : ______________ आयु/ Age : ______________

8. आपका वर्ग
एससी/एसटी/ओबीसी/सामान्य
Whether SC/ST/OBC/General : ______________ वर्ग/Caste: ______________

9. वैवाहिक स्थिति
Marital Status : विवाहित / अविवाहित / तलाकशुदा / विधुर / विधवा
Married / Unmarried / divorcee / widower / widow

10 शैक्षिक योग्यताएं
Educational Qualifications : योग्यता के साक्ष्य के रूप में प्रमाण-पत्र संलग्न किए जाएं)
(Certificates in proof of qualifications must be supported).

| क्रं. सं. | उत्तीर्ण परीक्षा **EXAM. PASSED** | श्रेणी **GRADE** | उत्तीर्ण होने का वर्ष **YEAR OF PASSING** | बोर्ड/विश्वविद्यालय **BOARD / UNIVERSITY** | विशेषज्ञता **SPECIALIZATION** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. कार्य का अनुभव (अनुभव के साक्ष्य के रूप में प्रमाण पत्र संलग्न किया जाए) **:**
Work Experience (Certificates in proof of experience must be supported):

| नियोक्ता का नाम **Name of Employer** | पद **Post** | से **From date** | तक **To date** | छोड़ने का कारण **Reason for leaving** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

न्यूनतम अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में) **:**
Total Experience gained after acquiring the minimum essential qualification (in years):
__________

12. एनईटी/जीएटीई/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।/
Details of NET/GATE/National level exams passed, if any.

| उत्तीर्ण परीक्षा<br>Exam passed | उत्तीर्ण होने की तिथि<br>Date of passing | वैधता की तारीख मान्य<br>Valid till |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

13. यदि आपका चयन हो जाता है तो आपको कार्यभार ग्रहण करने में कितना समय लेगें।:
If selected what period would you require to join: ______________________

नोटः अतिरिक्त सूचना, जो इस पृष्ठ पर नहीं दी गयी है, उसे अलग सीट पर दे सकते है।
Note: Additional information, if any can be provided on a separate paper or on overleaf of this page.

घोषणा: मैं यह घोषणा करता/ती हूँ कि इस फॉर्म में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किए जाने की संभावना है।
Declaration: I hereby declare that the particulars furnished in this form by me are true to the best of my knowledge and belief. Furnishing of false information or suppression of facts will be disqualification and is likely to render the candidate unfit.

तारीख/Date: ____________________ हस्ताक्षर/Signature: ___________________________

स्थान/Place: ____________________

उम्मीदवार का नाम/:Name of the candidate: ___________________________